संख्या होम(एफएस)(एचक्यू)(बी)(3)7/03-9-
निदेशालय अग्निशमन सेवाऐं हिमाचल प्रदेश,शिमला -171002

प्रेषकः

अतिरिक्त महानिदेशक-एवं-निदेशक
अग्निशमन सेवाएं हिमाचल प्रदेश,
शिमला-171002

प्रेषकः

निदेशक,
सूचना एवं लोक सर्म्पक विभाग
शिमला-171002

दिनांक शिमला-2, फरवरी, 2021

विषयः- फायरमैन के पदों को बैचवाईज अनुबन्ध आधार पर भर्ती किए जाने बारे विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु ।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर सूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा विभाग में फायरमैन के 16 पदों को बैचवाईज अनुबन्ध के आधार पर भर्ती किया जाना है जिससे सम्बन्धित विज्ञापन आप को इस आश्य के साथ संलग्न किया जाता है कि इस विज्ञापन को जनहित में हिन्दी व अंग्रेजी के समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की कृपा करें ताकि अधिक से अधिक पात्र उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु आवेदन कर सकें। इस सम्बन्ध में होने वाले खर्चे का बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रस्तुत किया जाए ।

भवदीय,

(जगदीश चन्द्र शर्मा)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
हिमाचल प्रदेश, शिमला-2

433-458
पृष्ठांकन संख्या-यथोपरि- दिनांक शिमला-2 08 फरवरी, 2021
प्रतिलिपिः-

1. निदेशक आकाशवाणी शिमला-4 को इस आश्य के साथ कि संलग्न विज्ञापन को अधिक से अधिक बार जनहित में प्रसारित करने की कृपा करें ।
2. समस्त रोज़गार कार्यालय हिमाचल प्रदेश को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।
3. समस्त आदेशक गृह रक्षा हिमाचल प्रदेश को इस आश्य के साथ प्रेषित है कि आप अपने स्तर पर वाहिनियों/कम्पनी स्तर पर व दमकल केन्द्रों के माध्यम से गृह रक्षकों को सूचित करें।
4. मण्डलीय अग्निशमन अधिकारी, शिमला व अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र बल्देयां को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

(जगदीश चन्द्र शर्मा)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
हिमाचल प्रदेश, शिमला-2

संख्या होम(एफएस)(एचक्यू)(बी)(2)7/03-7-
निदेशालय अग्निशमन सेवाएं हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002

## विज्ञापन

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा ज़ारी अधिसूचना संख्या होम-एफ(ए)1 -6/2016 (फायर) दिनांक 26.11.2020 की अनुपालना में हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा विभाग में फायरमैन (वर्ग-III) अराजपत्रित कर्मचारी के 16 पदों को बैचवाईज, अनुबन्ध आधार पर कुल वेतन मु0 11300/- रुपये प्रतिमाह की दर से भरा जाना है। प्रारम्भ में यह अनुबन्ध एक वर्ष के लिए होगा परन्तु इसे एक साल बाद और बढ़ाया जा सकता है। इन पदों के लिए आवेदक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश, बारनेस कोर्ट शिमला-2 के कार्यालय में दिनांक 1.03.2021 तक निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकते है । दिनांक 1.03.2021 के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नही किया जाएगा। पात्र उम्मीदवारों की दिनांक 15.03.2021 से चयन प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी जिसके लिए उन्हें उपरोक्त कार्यालय में दिनांक 15.03.2021 को प्रातः 10 बजे मूल प्रमाण पत्रों व उनकी एक-एक अनुप्रमाणित प्रति सहित उपस्थित होना होगा।इसके लिये अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी। पदों का श्रेणीवार ब्यौरा/ योग्यताएं निम्न प्रकार से हैं :-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क) | सामान्य वर्ग | 09 पद | i)सामान्य श्रेणी | 05 पद |
| | | | ii) भू0पू0 सै0 | 03 पद |
| | | | iii) ई.डब्लयू.एस | 01 पद |
| ख) | अनुसूचित जाति वर्ग | 03 पद | i)अनुसूचित जाति | 03 पद |
| ग) | अनुसूचित जन जाति वर्ग | 01 पद | i)अनुसूचित जन जाति बी0पी0एल | 01 पद |
| घ) | अन्य पिछड़ा वर्ग | 03 पद | i) अन्य पिछड़ा वर्ग | 03 पद |
| | | | कुल पद | 16 पद |

योग्यताएं :-

1. आयुसीमाः- सामान्य वर्ग के लिये आयु दिनांक 01.01.2021 को 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए परन्तु अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जन-जातियों तथा अन्य पिछडा वर्ग के उम्मीदवारों के लिये उच्चतम आयु सीमा में उतनी ही छूट दी जा सकेगी जितनी की हिमाचल प्रदेश सरकार के साधारण या विशेष आदेशों के अधीन अनूज्ञेय है ।
2. अनिवार्य अहर्ताएः-(i)हिमाचल प्रदेश होमगार्ड का सदस्य होना चाहिए या भूतपूर्व सैनिक होना चाहिए । ii) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 10+2 स्तर की परीक्षा पास की हो या इसके समतुल्य या सेना का प्रथम श्रेणी का प्रमाण पत्र रखता हो iii)हिमाचल प्रदेश होमगार्ड का बुनियादी प्रशिक्षण कोर्स और हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा संचालित एलिमैंन्टरी फायर कोर्स उतीर्ण किया हो ।

3. उम्मीदवार वर्ग –।।। के पद हेतु तभी पात्र होगा यदि उसने दसवी तथा 10+2 की परीक्षा हिमाचल प्रदेश मे स्थित किसी स्कूल या संस्थान से उतीर्ण की हो; यद्धपि यह शर्त हिमाचल के स्थाई निवासी पर लागू नही होगी ।

4. न्यूनतम शारीरिक मानदण्ड :–(1)न्यूनतम लम्बाई(कद)–165 सै0मी0 (2) छाती बिना फुलाए–80 सै0मी0, फुलाकर 85 सैं0मी0 (3) न्यूनतम वज़न – 52 कि0ग्रा0 (4) दृष्टि– 6/6 बिना चश्में के ।

विभिन्न श्रेणियों के प्रार्थी जिन्होने निम्नलिखित बैच मे एलिमेंन्टरी फायर कोर्स उतीर्ण किया है, आवेदन कर सकते है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य श्रेणी | 66 वां या इससे पूर्व का बैच । |
| 2 | सामान्य श्रेणी भू0पू0 सै0 | 94 वां या इससे पूर्व का बैच । |
| 3 | सामान्य श्रेणी ई.डब्लयू.एस | 94 वां या इससे पूर्व का बैच । |
| 4 | अनुसूचित जाति | 66 वां या इससे पूर्व का बैच । |
| 5 | अनुसूचित जन जाति बी0पी0एल0 | 94 वां या इससे पूर्व का बैच । |
| 6 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 94 वां या इससे पूर्व का बैच । |

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य आवेदकों के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

अतिरिक्त महानिदेशक
–एंव–निदेशक अग्निशमन सेवाएं
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171002

## बैच के आधार पर प्रशामक अनुबन्ध भर्ती के लिए आवेदन पत्र

1. गृ0र0 सं0

2. प्रार्थी का नाम पूर्ण पते सहित

Passport size photograph

3. पिता का नाम

4. शैक्षणिक योग्यता

5. जन्म तिथि

6. होमगार्ड बुनियादी कोर्स उतीर्ण करने की तिथि

7. एलिमैंन्टरी फायर कोर्स उतीर्ण करने की तिथि व बैच न0.

8. एलिमैंन्टरी फायर कोर्स में प्राप्त अंक /ग्रेडिंग

9. कैटेगरी

10. न्यूनतम शारीरिक मानदण्ड :-

क - लम्बाई (कद) :

ख- छाती : i) बिना फुलाए ii) फुलाकर

ग - भार :

घ - दृष्टि :

क्या आप किसी अपराधिक मामले में संलिप्त हैं? यदि हां तो ब्यौरा दें -

मैं यह प्रमाणित करता हूं कि मेरे द्वारा ऊपर दी गई सूचनाएं सही है। यदि इन मे कोई सूचना गलत पाई गई तो विभाग मुझे नौकरी से निकाल सकता है ।

प्रार्थी के हस्ताक्षर